श्री तु० म० पाटिल :
श्री कांबले :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने पोस्ट कार्ड की कीमत 6 पैसे से घटाकर 5 पैसे करने का निर्णय किया है ; और

(ख) यदि हा, दो इसके परिणामस्वरूप सरकार को प्रति वर्ष राजस्व के रूप में कितनी हानि होने की संभावना है ?

संसद्-कार्य विभाग तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इन्द्र कुमार गुजराल) : (क) जी नही ।

(ख) प्रश्न ही नही उठना ।

हिन्दी टेलीप्रिंटरों का निर्माण

518. श्री दे० शि० पाटिल :
श्री बसवन्त :
श्री तु० म० पाटिल :
श्री कांबले :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हिन्दी टेलीप्रिंटरो का निर्माण करने तथा हिन्दुस्तान टेलीप्रिंटर्स लिमिटेड की क्षमता बढ़ाने के मामले में क्या प्रगति हुई है ; और

(ख) प्रति वर्ष कितने टेलीप्रिंटर बनाये जायेंगे ?

संसद्-कार्य विभाग तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इन्द्र कुमार गुजराल) : (क) और (ख). 1970–71 तक विभिन्न अवस्थाओं में हिन्दुस्तान टेलीप्रिंटर्स लिमिटेड की उत्पादन क्षमता को प्रति वर्ष 1300 मदद टेलीप्रिंटर मशीनें बनाने के बढ़ाकर 8500 मदद टेलीप्रिंटर मशीनें बनानें तक कर देने का विस्तार-कार्यक्रम कम्पनी ने आरम्भ कर दिया है तथा संतोषजनक प्रगति कर रहा है। 1966–67 के वर्ष में 2600 से अधिक टेलीप्रिंटरों के निर्माण की आशा है। 1966-68 के वर्ष के लिये 3500 मदद टेलीप्रिंटर मशीनें बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

हिन्दी टेलीप्रिंटरों के निर्माण के लिये हिन्दुस्तान टेलीप्रिंटर्स लिमिटेड अपने इटालीय सहयोगियों सर्व श्री आलिवेत्ती से इटालीय उधार के अधीन औज़ारों और जानकारी की पूर्त्ति का एक संविदा करने के विषय में बात-चित कर रहा है।

जम्मू और काश्मीर तथा दिल्ली के बीच सीधी टेलीफोन व्यवस्था

519. श्री दे० शि० पाटिल :
श्री बसवन्त :
श्री तु० म० पाटिल :
श्री कांबले :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जम्मू और काश्मीर को दिल्ली से सीधी टेलीफोन व्यवस्था द्वारा मिलाने के काम में कितनी प्रगति हुई है ; और

(ख) इस सेवा के कब तक चालू हो जाने की संभावा है ?

संचार-कार्य विभाग तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इन्द्र कुमार गुजराल) : (क) जालन्धर-जम्मू तथा श्रीनगर के बीच सूक्ष्मतरंग प्रणाली लगाने का काम पूरा हो चुका है और इस प्रणाली को चालू करने के परीक्षण हो रहे हैं। इस प्रणाली पर उपलब्ध हुए परिपथों से दिल्ली-श्रीनगर, दिल्ली-जम्मू तथा जम्मू-श्रीनगर मार्गों पर उपभोक्ता ट्रंक डायलिंग सेवा चालू करना संभव हो जाएगा।

(ख) दो से तीन महीने तक ।